प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

22.01.2026 / प्रादेशिक समाचार / 11:00बजे

''आज के मुख्य समाचार''

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू आज कांगड़ा जिला के दौरे पर रहेंगे। इस दौरान वे सुलह विधानसभा क्षेत्र में करोड़ों रूपए की विकास परियोजनाओं के उद्घाटन व शिलान्यास करेंगे। इसी बीच मुख्यमंत्री ने कहा है कि आर्थिक तंगी के बावजूद भी कांगड़ा जिले को पर्यटन की दृष्टि से विकसित किया जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि पूर्व भाजपा सरकार ने प्रदेश की संपदा को लुटाने का काम किया है जबकि वर्तमान सरकार ने भ्रष्टाचार के सभी दरवाजे बंद कर प्रदेश की आर्थिक स्थिति की मजबूत करने का प्रयास किया है।

अटल पेंशन योजना

केंद्र सरकार ने अटल पेंशन योजना को 2030–31 तक विस्तार दे दिया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में नई दिल्ली में हुई केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में यह निर्णय लिया है। इस योजना की शुरूआत वर्ष 2015 में असंगठित क्षेत्र में काम करने वाले श्रमिकों को वृद्धावस्था में आय की सुरक्षा प्रदान करना था। योजना के तहत देशभर में अब तक 8 करोड़ 66 लाख लोग पंजीकृत हुए हैं। यह योजना 60 वर्ष की आयु प्राप्त करने के बाद प्रति माह एक हजार से पांच हजार रुपये तक की न्यूनतम गारंटीकृत पेंशन प्रदान करती है, जो लाभार्थी के योगदान पर निर्भर करती है।

जगत सिंह

राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी ने सभी जिला उपायुक्तों को अपने–अपने जिला में सभी विभागों के साथ बैठक आयोजित कर 31 मार्च तक उपयोग में नहीं लाई गई व खाली पड़ी भूमि का ब्यौरा देने के निर्देश दिए हैं। शिमला में मंत्रिमंडलीय उप–समिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुए उन्होंने नायब–तहसीलदार और तहसीलदारों को छह माह के भीतर तकसीम के मामलों का निपटारा करने के निर्देश भी दिए। जगत सिंह नेगी ने कहा कि निशानदेही के मामलों के लिए दो माह का समय और दुरूस्ती के मामलों के लिए तीन माह का समय निर्धारित किया गया है। सभी जिला उपायुक्तों ने वर्चुअल माध्यम से बैठक में हिस्सा लिया।

प्रधानमंत्री–मन की बात.

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इस महीने की 25 तारीख को आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में देश–विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे। यह इस मासिक रेडियो कार्यक्रम की 130वीं कडी होगी।

लोग इस कार्यक्रम के लिए अपने विचार और सुझाव टोल–फ्री नंबर 1800–11–7800 पर भेज सकते हैं। वे नमो ऐप या मायगॉव ओपन फ़ोरम के माध्यम से ऑनलाइन भी अपने सुझाव साझा कर सकते हैं। 1922 पर मिस्ड कॉल देकर और एसएमएस के माध्यम से प्रधानमंत्री को अपने सुझाव कल 23 जनवरी तक भेज सकते हैं।

जयराम ठाकुर

नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने प्रदेश की बिगड़ती आर्थिक स्थिति और राजनीतिक अस्थिरता पर कटाक्ष करते हुए कहा है कि यह सरकार किसी बाहरी दबाव से नहीं, बल्कि अपने ही कुप्रबंधन के बोझ से गिर जाएगी। धर्मशाला में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि हिमाचल के इतिहास में यह पहली ऐसी सरकार है जो संस्थान खोलने के बजाय उन्हें बंद करने का रिकॉर्ड बना चुकी है। जयराम ठाकुर ने कहा कि भाजपा सरकार ने अपने 5 साल के कार्यकाल में केवल 19 हजार करोड़ का ऋण लिया था, जबकि वर्तमान सुक्खू सरकार ने मात्र 3 साल के भीतर प्रदेश पर 40 हजार करोड़ रुपये के अतिरिक्त कर्ज बोझ चढ़ा दिया है। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रदेश के विकास के बजाय केवल मुख्यमंत्री की मित्र मंडली के घर भरे जा रहे हैं।

सरकार – सुकन्या

केन्द्र सरकार की सुकन्या समृद्धि योजना के अंतर्गत चार करोड़ 53 लाख से अधिक बैंक खाते खोले गए हैं, जिनमें जमा राशि तीन लाख 33 हजार करोड़ रुपये से अधिक है। अधिक ब्यौरे के साथ समाचार कक्ष से हमारे सहयोगी....

सुकन्या समृद्धि योजना केंद्र सरकार की लघु बचत योजना है जिसकी शुरूआत वर्ष 2015 में बेटी बचाओ–बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत की गई थी। योजना में बालिका के जन्म से दस वर्ष की आयु तक खाता खोला जा सकता है। इस छोटी बचत योजना के तहत 8 दशमलव 2 प्रतिशत की ब्याज दर है। योजना का उद्देश्य माता–पिता या कानूनी अभिभावक अपनी बेटी के लिए अधिकृत बैंक या डाकघर में खाता खोल सकते हैं। सुकन्या समृद्धि योजना लाखों बालिकाओं के लिए आशा और महिला सशक्तिकरण का प्रतीक बन गई है। प्रादेशिक समाचार के लिए समाचार कक्ष से मैं राजकुमारी चंदेल।.

मौसम

प्रदेश के अधिकांश भागों में मौसम साफ बना हुआ है। हालांकि मौसम विभाग ने आज से पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता से मौसम का मिजाज बदलने की संभावना जताई है। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला के अनुसार प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में आज रात से व्यापक वर्षा और उंचाई वाले क्षेत्रों में बर्फबारी का पूर्वानुमान जताया है। विभाग ने 23 जनवरी को ऊना, बिलासपुर, कांगड़ा, चंबा, कुल्लू और लाहौल स्पीति में भारी बारिश व बर्फबारी का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है।